RAF SECTOR

NEWS CLIP

12/08/2021

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Rajasthan Patrika ,Udaipur (RAJ)

रेपिड एक्शन फोर्स ने किया रूट मार्च

कोटड़ा @ पत्रिका. पुलिस उप अधीक्षक कोटड़ा भूपेंद्र सिंह के निर्देशन में मंगलवार को आपातकालीन स्थिति में शांति व्यवस्था को देखते हुए कोटड़ा कस्बे में थानाधिकारी चांदमल सिंगरिया की मौजूदगी में रैपिड एक्शन फोर्स के जवानों द्वारा रूट मार्च किया गया। रूट मार्च पुलिस थाना कोटड़ा से शुरू हुआ जो कोतवाली, मुख्य बाजार, हॉस्पिटल चौराहा एवं पंचायत समिति परिसर होते हुए वापस कोटड़ा थाना पहुंचा। इस दौरान कोटड़ा पुलिस थाना एएसआई विनेश डामोर, एएसआई कालूलाल परमार, हैड कांस्टेबल कालूलाल सहित पुलिस जाब्ता साथ रहा।



Dainik Bhaskar,Udaipur (RAJ)

फलासिया। स्वतंत्रता दिवस से पूर्व फलासिया पंचायत समिति क्षेत्र के कोल्यारी कस्बे में मंगलवार को आरपीएफ व फलासिया थाना पुलिस ने पैदल मार्च निकलते हुए शांति व्यवस्था की अपील की। थानाधिकारी रमेशचंद्र अहारी ने बताया कि कोल्यारी तीन रास्ते से शुरू हुआ पैदल मार्च मुस्लिम मोहल्ला, बस स्टैंड, पटवार भवन तक निकाला गया।

कोटड़ा | मुख्यालय पर अर्द्ध सैनिक बल के जवानों के साथ पुलिस अधिकारियों और जवानों ने रूट मार्च किया। थाना परिसर से डिप्टी भूपेंद्र के नेतृत्व में थानाधिकारी चांदमल सहित पुलिस जवानों ने रूट मार्च शुरू किया, जो कस्बे के प्रत्येक मोहल्लों से होकर गुजरा। इसके अलावा जुड़ा पंचायत मुख्यालय पर भी अर्द्धसैनिकों, पुलिस अधिकारी व जवानों ने रूट मार्च किया।

Photos of Deployment/Fam-Ex Of RAF

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।